## सार-समाचार

### के . वी . बनाड़ में वन महोत्सव मनाया

**जोधपुर**, (कासं)। पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय बनाड़ जोधपुर में वन महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। प्राचार्य उम्मेद सिंह ने बताया कि वन महोत्सव के दौरान सभी विद्यार्थियों ने विभिन्न कार्यक्रमों, गतिविधियों और प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्राथमिक वर्ग के बच्चों ने थंब पेंटिंग में सुंदर चित्र उकेरे, जिसमें दिव्या, रीतिशा, अनिका एवं मनीत विजेता रहे। कक्षा छह से सात के बच्चों ने पत्तों पर चित्रकारी की, जिसमें कृति, संध्या, अर्चना, अंकित जसवंत और कमलेश विजेता रहे। कक्षा आठ और नौ के बच्चों ने आशुभाषण प्रतियोगिता में वृक्षों के महत्व पर विचार व्यक्त किए, जिसमें अंजलि पंडित, तेजस चौधरी और कनिष्का ने स्थान प्राप्त किया। माध्यमिक वर्ग के विद्यार्थियों के लिए वन एवं पर्यावरण विषय पर केंद्रित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें शिवाजी सदन से रघुराज सिंह, बशर जावेद, पायल और नंदिनी ने प्रथम स्थान हासिल किया। इस अवसर पर 'एक पेड़ मां के नाम' श्रृंखला में प्राचार्य, विद्यार्थियों अभिभावकों और शिक्षकों ने विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया। यह आयोजन शिक्षिका गगन जोत एवं प्रीति देशवाल के संयोजन में केशव वरनोती, आशा चौधरी, सचिन बैरवा, मदन लाल सैनी, रीमा यादव, मंजीत सिंह, रजनी लुगारिया के सहयोग से सम्पन्न हुआ।

### लज्जा भंग के आरोपी को कारावास

**जालोर**, (कासं)। पोक्सो न्यायालय जालोर के न्यायाधीश प्रमोद कुमार मलिक ने शनिवार को लज्जा भंग करने के आरोपी को दो साल के कारावास की सजा सुनाई। विशिष्ट लोक अभियोजक रणजीतसिंह राजपुरोहित ने अनुसार पीडिता ने 14 फरवरी 2022 को एसपी जालोर को रिपोर्ट पेश कर बताया कि वह अपने पति के साथ गांव में रहती है तथा उसके पति किसी के खेत में फसल की रखवाली करता है। आज से करीब बीस दिन पूर्व शेरनाथ उर्फ सिकनाथ पुत्र लुम्बनाथ निवासी गिटको होटल के पीछे जालोर ने रात्रि के समय उसकी रहवासी ढाणी में आया। तथा उसके साथ दुष्कर्म करने लगा उसके चिल्लाने पर सिकनाथ भाग गया।सुबह उसके पति खेत की रखवाली से घर अपने पर सारी बात बताई। उसके बाद समाज के माध्यम से समझाईश की । लेकिन वह नही माना और उसके बाद वह किसी काम से रास्ते से जा रही थी । तभी सिकनाथ ने टैक्सी ओडे डालकर उसे जबरन उठाकर ले जाने की कोशिश करने लगा। तथा उसकी लज्जा भंग की। उसके चिल्लाने पर सिकनाथ भाग गया। पुलिस ने उक्त रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफतार किया। पुलिस ने बाद अनुसंधान आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया। पोक्सो न्यायालय के न्यायाधीश प्रमोद कुमार मलिक ने आरोपी शेरनाथ उर्फ सिकनाथ को लज्जा भंग करने का दोशी मानते हुए दो साल के कारावास की सजा सुनाई। सरकार की ओर से पैरवी विषिश्ट लोक अभियोजक रणजीतसिंह राजपुरोहित ने की।

### धोरीमना में जगह-जगह गंदगी के ढेर

**धोरीमना**, (कासं)ा धोरीमन्ना मुख्य चौराहा एवं नगर पालिका की समस्याओं को लेकर बस स्टेशन पर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में व्यापारी, छोटे बडे दुकानदार, चालक यात्री, राहगीर, विद्यालय एव महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। लोगों ने बताया कि होली चौक के आसपास सोनी बाजार, सुभाष नगर, गायत्री मंदिर, जैन बस्तियों, गांधीनगर, देशातरियों का पाडा, मैन बजार, नया बाजार, सांचौर रोड, गुडा रोड, बाडमेर रोड, बस स्टेशन धोरीमना में चारों तरफ कचरा व गंदगी का ढेर दिखाई दे रहा है। बरसात होते ही गंदगी की बदबू आ रही है। मलेरिया डेंगू का डा है, मच्छरों का बडा अड्डा बना हुआ है। धोरीमना क्षेत्र व धोरीमना नगर वासियों को दिन में व्यापार करने में व रास्ते में चलने में बडी परेशानी हो रही है । धोरीमना क्षेत्र के छोटे बड टैक्सी चालक, राहगीर आने जाने व कीचड़ से परेशान है। इनको लेकर उपखंड अधिकारी भागीरथराम बिश्नोई से बात हुई तो उन्होंने बताया कि महात्मा गांधी स्कूल के आगे की सफाई करवा दी गई है। एनसाआई अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जल्द ही इस समस्या को समाधान करवार्या जाएगा।

### पुरोहित ने शिविरों का अवलोकन किया

**रेवदर**,(निसं)। सिरोही जिला प्रमुख अर्जुन राम पुरोहित ने शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत वेलांगरी, मनोरा और मंडवारिया में आयोजित शिविरों का अवलोकन किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुरोहित ने कहा कि इन शिविरों के माध्यम से सभी पात्र को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही मंगला पशु बीमा,पशुओं की जांच,इलाज और टीकाकरण,नर्सरियों से पौधों का वितरण,मृदा कार्डों का वितरण सहित कई लंबित प्रकरणों का निस्तारण हो रहा है। उन्होंने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रतिपादित अंत्योदय की अवधारणा को साकार करते हुए 24 जून से 9 जुलाई तक पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न विभागों के लाभार्थियों को संबंधित दस्तावेजों यथा पट्टों, स्वीकृतियों आदि का वितरण भी किया गया। जिला प्रमुख ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के टेबल पर स्वास्थ्य जांच भी करवाई और अन्य को भी इन शिविरों के माध्यम से लाभान्वित होने के लिए प्रेरित किया। साथ ही आमजन से संवाद करते हुए उनके द्वारा बताई गई समस्याओं के निस्तारण के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस दौरान प्रधान हंसमुख मेघवाल,जिला परिषद सदस्य दलीप सिंह माडानी सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं आमजन उपस्थित थे।

### सुशील ओझा का जन्मदिन मनाया

**सायला**, (निसं)। विप्र फाउंडेशन ब्लॉक सायला द्वारा शनिवार को फाउंडेशन के संस्थापक और राष्ट्रीय समन्वयक सुशील ओझा का जन्मदिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया।इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष मांगीलाल राजपुरोहित ने संस्थापक सुशील ओझा के सामाजिक एकता और युवा सशक्तिकरण के विचारों को आगे बढाने की बात कही। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से एकजुट होकर सामाजिक कार्यों में योगदान देने का आ ान किया। इसके बाद विप्र फाउंडेशन के तत्वावधान में हॉस्पिटल में मरीजों को फल वितरित किए गए। साथ ही विभिन्न विद्यालयों में छात्र छात्राओं के लिए विशेष आयोजन के तहत मिठाई, बिस्किट और फल वितरण किया। वही ओझा के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। इस दौरान जिला मंत्री मुकुंद दवे, ब्लॉक अध्यक्ष सांवलसिंह दादाल, महामंत्री जब्बरसिंह चौराऊ, उपाध्यक्ष मुकेश वैष्णव, पहाडसिंह पांथेडी, मंत्री बलवताराम आसाणा, कोषप्रमुख कालुसिंह थलवाड, सह कोष प्रमुख नरपतसिंह रेवतडा, प्रवक्ता खीमसिंह सायला, सांवलाराम तुरा, जामतसिंह, विक्रमसिंह, हरचंदराम चौराऊ, जगदीश कुमार, श्रवण कुमार समेत कार्यकर्ता मौजूद थे।


### स्मैक सप्लायर को बाड़मेर जेल से पकड़ा

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। जिले की रामगढ़ थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के मामले में एक वांटेड अपराधी को गिरफ्तार किया है। रामगढ़ थाना प्रभारी ओमप्रकाश ने बताया कि बाड़मेर जेल से तस्कर रामाराम को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया। आरोपी रामाराम स्मैक का नेटवर्क चलाता है। फरवरी महीने में जैसलमेर कोतवाली पुलिस द्वारा पकड़ी गई 27 ग्राम स्मैक का रामाराम मुख्य सूत्रधार था। पुलिस ने रामाराम को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर पूछताछ शुरू की। रामाराम अव्वल दर्जे का बदमाश है और इस पर 120 अलग- अलग मुकदमे दर्ज है। रामगढ़ कोतवाल ओमप्रकाश ने बताया कि फरवरी महीने में जैसलमेर शहर कोतवाली ने 27 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक हरीश को जैसलमेर में गिरफ्तार किया था। उससे पूछताछ में स्मैक नेटवर्क से जुड़े हीराराम, बाड़मेर का एजेंट भैराराम को कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए पकड़ा। अंत में इस स्मैक नेटवर्क का मुख्य तस्कर रामाराम की जानकारी सामने आई। जांच में रामाराम को बाड़मेर जेल में होना पाया। प्रोडक्शन वारंट पर उसको जैसलमेर लाया गया और उससे स्मैक को लेकर पूछताछ जारी है। रामाराम पर करीब 120 मुकदमे दर्ज है।

### `मगरीवाड़ा में अंत्योदय संबल शिविर

**रेवदर**, (निसं)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर का आयोजन मगरीवाड़ा ग्राम पंचायत में हुआ। शिविर में उप खण्ड अधिकारी नरेन्द्र जांगिड विकास अधिकारी हेमाराम चौधरी ने लोगों की की समस्या सुनकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। एसडीएम नरेंद्र जांगिड व प्रशासक मुकेश राणा पंचायत समिति सदस्य प्रभावित जोशी के हाथों से प्रापर्टी पट्टे बांटे। शिविर में पेंशन, खाद्य सुरक्षा, म्यूटेशन, जन्म, मृत्यु प्रमाण, सीमाज्ञान पत्र, प्रोपर्टी पट्टा, शौचालय आवेदन, पत्थरगढी, नामांतरण, रास्तों का प्रकरण पेंशन वेरिफिकेशन सहित कार्य किए गए। इस दौरान शिविर में अतिरिक्त विकास अधिकारी हरिश सोनी, विक्रम सिंह देवडा, अमराराम चौधरी ग्राम विकास अधिकारी नौरंग लाल समेत अन्य विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# पाली की मुमुक्षु दीपिका नाहटा ने जैन दीक्षा अंगीकार की



पाली निवासी मुमुक्षु दीपिका नाहटा का दीक्षा पश्चात नामकरण रोशनी श्रीजी म.सा. हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

**जोधपुर**, (कासं)। पाली निवासी मुमुक्षु सुश्री दीपिका नाहटा ने शनिवार को जैन भागवती दीक्षा अंगीकार की। दीक्षा महोत्सव में साधकों की इतनी ज्यादा भीड़ उमड़ी कि चौरड़िया भवन का पाण्डाल समय से पूर्व खचाखच भर गया। बाद में समय पर पहुंचे हजारों लोगों को पाण्डाल के बाहर बैठकर अनुमोदना करनी पड़ी। दीक्षा महोत्सव में भाग लेने देश भर से बड़ी संख्या में लोग जोधपुर पहुंचे।

चातुर्मास आयोजन समिति के अध्यक्ष देवराज बोहरा ने बताया कि दीक्षा महोत्सव जयगच्छाधिपति संघ, के बारहवें पट्टधर आचार्य प्रवर पार्श्वचंदजी म.सा. के आज्ञानुवर्ती सुमति मुनि म.सा., सेवाभावी तपस्वी जय सुन्दर मुनि म.सा. आदि ठाणा - 2 एवं विदुषी महासती पूरिमा श्रीजी म.सा., साध्वी नमन श्रीजी म.सा., साध्वी नयन श्रीजी म.सा., साध्वी नगीना श्रीजी म.सा., साध्वी हेम श्रीजी म.सा., नवदीक्षित खेमश्रीजी म.सा., नवदीक्षित कीर्तन श्रीजी म.सा. एवं नवदीक्षित नवंगश्रीजी म.सा. आदि ठाणा-8 के सानिध्य में आयोजित किया गया।इन सभी साधु साध्वियों ने आज शनिवार को ही चोरड़िया भवन में चातुर्मास मंगल प्रवेश किया।

दीक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत सुबह 8.30 बजे लक्ष्मीनगर स्थित जय परिसर से महाभिनिष्क्रमण यात्रा प्रारंभ होकर पांवटा बी रोड स्थित चौरडिया भवन पहुंची। 10 बजे मुमुक्षु सुश्री दीपिका नाहटा ने विधि-विधान से भागवती दीक्षा अंगीकार की। अखिल भारतीय जयमल जैन श्रावक संघ के अध्यक्ष कैलाश बोहरा,उपाध्यक्ष देवराज बोहरा एवं माणकराज ललवाणी ने दीक्षार्थी के लिए मंगल भावना प्रकट की। इस अवसर पर सुमति मुनि ने कहा कि जब एक जीवात्मा संयममार्ग में अग्रसर होती है तो जगत के सभी जीवों को अभयदान मिलता है। दीक्षा सूत्र प्रारंम्भ करते हुए वंदना का महत्व बताते हुए कहा कि वंदना से विनय की प्राप्ति होती है, विनय से ज्ञान बढता है। अरिहंत की शरण से ज्ञान प्रवेश, सिद्ध शरण से सिद्ध गति प्राप्त करना, आचार्य शरण से चारित्र, उपाध्याय शरण से ज्ञान को टिकाये रखना एवं साधु शरण से धर्म में टिकाये रखना है। मुनि श्री ने कहा कि हमारा सभी जीवों के प्रति प्रेम भाव होना चाहिए। मुनि श्री ने ठीक 11.35 बजे करमे भंते का दीक्षा पाठ सुनाकर दीक्षित किया एंव दीक्षा पश्चात् उनका नामकरण रोशनी श्रीजी म.सा. किया।

जैन भागवती दीक्षा प्रसंग अवसर पर महासती नगीना श्रीजी म.सा., उपाध्याय गुणवंत मुनि ने उद्बोधन देते हुए कहा कि संसार में कुछ नही है। दीक्षा लेने वाले, देने वाले धन्य है। सर्व विरत चारिय से हमारे ज्ञान दर्शन-चारित्र आदि गुणों की सुरक्षा होती है।

चातुर्मास आयोजन समिति के अध्यक्ष देवराज बोहरा ने बताया कि बताया कि संतों का 10 जुलाई से चौरड़िया भवन में चातुर्मास का शुभारंभ होगा। आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

### मोहर्रम आज

**पाली**, (नि.सं.)। त्याग तपस्या और शहादत का प्रतीक शहादत की रात आज पाली में अकीदत व एहतराम से मनाई।

पाली जिला मुस्लिम समाज के जिला कार्यक्रम संयोजक व प्रवक्ता शक़ील अहमद नागौरी ने जानकारी देते हुए बताया की पाली जिला मुस्लिम समाज के सदर हकीम भाई व उपाध्यक्ष हाजी मेहबूब टी के नेतृत्व में जिलेभर में शहादत की रात शनिवार को मनाई गई। रविवार को जिलेभर में ताजियों का जुलूस निकाला जाएगा।

जिला प्रवक्ता शक़ील अहमद नागौरी ने बताया कि शनिवार की रात हजरत इमाम हुसैन की कर्बला में शहादत की याद को ताजा रखने का दिन है।पीठ का मोहर्रम आज शनिवार शाम लाईसेंसदार हाजी मोहम्मद उमर लोहार के नेतत्व में शाम 7 बजे आपने मुकाम केरिया दरवाजा पर कसा गया। जो रात को आपने निर्धरित मार्ग केरिया दरवाजा से बादशहा का झण्डा जूना हवाला होते हुए नाड़ी मोहल्ला मिलाद चोक में देर रात को अपने मुकाम पर पहुंचा। चुडिगरों का मोहर्रम रुई कटला में लाईसेंस दार मोहम्मद शाहिद पिनु के नेतत्व में कसा गया, जो रुई कटला से प्यरा चौक , रंगणिया मोहल्ला होते हुए अपने मुकाम पर पहुंचा। पलटन का मोहर्रम खारी बेरी जंगीवाड़ा में लाईसेंसदार मोहम्मद इल्यास कुरैशी के नेतत्व में जंगीवाड़ा चौक होते हुए अपने मुकाम पर पहुंचा।

खरादियो का मोहर्रम कादरिया चौक नवलखा रोड पर लाइसेंसदार मोहम्मद इकबाल खेरादी के नेतत्व में कसा गया जो खेरादी मोहल्ला ,मोमिनो का बस,रंगणिया मोहल्ला होते हुए वापस अपने मुकाम पर पहुंचा। जूनी पाली का मोहर्रम लाइसेन्सदार मोहम्मद सलीम पिंजारा के नेतत्व में कसा गया जो जेसी ब्रदर्स भेरुघाट से सोमनाथ लोहारों की हथाई प्यारा चौक होकर वापस होते हुए अपने निर्धरित मुकाम जेसी ब्रदर्स भैंरूघाट पर पहुंचा। कमेटी के सदस्यों ने विशेष बेज व पहचान वाली बेज पट्टी का उपयोग कर के मोहर्रम संचालन में सहयोग करते हुए सभी मोहर्रम को अपने अपने मुकाम तक पहुंचाया। संचालन की व्यवस्था चाक चौबंद रही।

# डिजिटल साक्षरता, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) व साइबर सुरक्षा पर कार्यशाला हुई

**जोधपुर**, (कासं)।डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर में यशोदा एआई कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य महिलाओं को डिजिटल साक्षरता, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक कर उन्हें सशक्त बनाना था।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर (वैद्य) पी.के. प्रजापति ने की एवं मुख्य अतिथि के रूप में रामावतार सिंह, राष्ट्रीय महिला आयोग के प्रिंसिपल प्राइवेट सेक्रेटरी उपस्थित रहे। कार्यशाला की शुरुआत दीप प्रज्वलन, कुलगीत एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुई।

तकनीकी सत्र का संचालन हितेश पमनानी द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि रामावतार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान युग में कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे तकनीकी विषयों की जानकारी प्रत्येक नागरिक के लिए आवश्यक है, विशेषकर महिलाओं के लिए यह आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्रों की महिलाओं को डिजिटल साक्षरता, साइबर सुरक्षा और एआई टूल्स के व्यावहारिक ज्ञान से सशक्त बनाना है, ताकि वे डिजिटल इंडिया की समावेशी और प्रगतिशील यात्रा में योगदान दे सकें। यह कार्यक्रम देशभर के 1000 से अधिक विश्वविद्यालयों में संचालित किया जाएगा।

कुलगुरु प्रोफेसर (वैद्य) पी.के. प्रजापति ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता न केवल आधुनिक तकनीक का एक सशक्त माध्यम है, बल्कि यह आयुर्वेद चिकित्सा में रोगियों के आंकड़ों के विश्लेषण, निदान एवं व्यक्तिगत चिकित्सा योजना के निर्माण में भी क्रांतिकारी भूमिका निभा सकती है। शैक्षिणक क्षेत्र में भी यह शोध, शिक्षण और अधिगम की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बना सकती है।

इस अवसर पर आयुर्वेद विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार अखिलेश पिपल, पीजीआईए के प्राचार्य प्रो. चंदन सिंह, डीन आयुर्वेद संकाय प्रो. महेन्द्र शर्मा, पूर्व रजिस्ट्रार प्रो. गोविंद सहाय शुक्ला,रसायनशाला निदेशक डॉ. विजयपाल त्यागी, प्रो. राजेश गुप्ता विभागाध्यक्ष शल्य विभाग, उप कुलसचिव डॉ. मनोज अदलखा, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. मनीषा गोयल एवं डॉ. ऋतु कपूर, डॉ. देवेंद्र सिंह चाहर (डीन - अनुसंधान), यूसीएच के प्राचार्य डॉ. गौरव नगर एवं यूसीएनवाई के प्राचार्य डॉ. चंद्रभान शर्मा, सहित अनेक शिक्षक, स्नातकोत्तर शोधार्थी एवं स्नातक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# एक किलोमीटर लम्बे बंद रास्ते को खुलवाया

**गुड़ामालानी**, (कासं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार उपखण्ड क्षेत्र गुडामालानी में राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज बंद रास्तों को खुलवाने को लेकर उपखण्ड अधिकारी केशव कुमार मीना के निर्देशों की पालना में तहसील गुडामालानी एवं तहसील नोखडा में उक्त रास्तों को खुलवाने हेतु ऐसे प्रकरणों को चिन्हित करते हुए राजस्व टीम द्वारा पटवार मण्डल राणासर खुर्द के राजस्व ग्राम राणासर खुर्द में पुलिस प्रशासन के सहयोग से 1 किलोमीटर लम्बे बन्द रास्ते को खुलवाया गया।

इससे सैंकडों लोगों ने राजस्व विभाग का धन्यवाद ज्ञापित किया। रास्ता खुलवाने में राजस्व टीम में दिनेश कुमार, नायब तहसीलदार नोखडा, अजमल राम, भू-अभिलेख निरीक्षक एवं पुलिस बल उपस्थित रहे। इस दौरान नायब तहसीलदार, नोखडा दिनेश कुमार ने अवगत करवाया कि अगर उक्त खुलवाये गये रास्ते पर पुनः अतिकमण किया गया तो धारा-91 के तहत कार्यवाही की जाएगी। यहां उल्लेखनीय है कि एक बार हटाये गये अतिकमण स्थान पर अगर दुबारा अतिकमण किया जाता है तो तीन माह के जेल की सजा का प्रावधान है। इस रास्ता खोलो अभियान के तहत आगामी दिनों में राजस्व राजस्व ग्राम खडियाली नाडी, बांड धीमजी में राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज बंद रास्तों को खुलवाया जाना प्रस्तावित है । कार्यवाही के दौरान एसडीएम केशव कुमार मीना ने आमजन से अपील की कि तहसील गुडामालानी एवं नोखडा में अतिकमण किये हुए कट्टाण रास्तों के बारे में उपखण्ड कार्यालय गुडामालानी में सूचित करें। ताकि रास्ता खोलो अभियान के तहत उक्त रास्तों को खुलवाया जाकर राज्य सरकार की मंशा अनुरूप आमजन को राहत प्रदान की जा सके। ग्राम पंचायत मीठी बेरी में अतिकमण से परेशान ग्रामीणों को राहत मिली। सरकार के यह शिविर आमजन के लिए कारगर साबित हुआ।

गोलियां जेतमाल पटवार मंडल के राजस्व ग्राम मीठी बेरी में शनिवार को अभियान के तहत वर्षो से बंद पड़े रास्ते को खुलवाया गया।

# शास्त्रीनगर में नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण



जैसलमेर विधायक छोटूसिंह भाटी ने ग्राम पंचायत शास्त्रीनगर में उप स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। जैसलमेर विधायक छोटूसिंह भाटी ने ग्राम पंचायत शास्त्रीनगर में नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र का विधिवत लोकार्पण कर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के संकल्प को साकार किया।

उन्होंने कहा कि यह उप स्वास्थ्य केंद्र क्षेत्रवासियों के लिए त्वरित प्राथमिक उपचार व स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ करवाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उससे पूर्व ग्राम पंचायत हमीरा एवं ग्राम पंचायत शास्त्री नगर में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर में सहभागिता कर उपस्थित जनसमुदाय को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी एवं पात्र हितग्राहियों को इन योजनाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। भाटी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार द्वारा समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास व कल्याण की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से ये शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों से शिविरों का अधिकतम लाभ लेने का आहवान किया।

### साहित्यिक चर्चा आज होगी

**जोधपुर**, (कासं)। अध्याय मंच के बैनर तले आयोजित होने वाली साहित्यिक संध्या में देश के जाने-माने साहित्यकार, रंगकर्मी और मीडियाकर्मी अयोध्या प्रसाद गौड़ युवा रचनाकारों से रूबरू होंगे।

अध्याय मंच के संस्थापक कल्याण के विश्नोई ने बताया कि यह कार्यक्रम 6 जुलाई शाम 4 बजे डॉ. मदन सावित्री डागा साहित्य भवन, नेहरू पार्क में होगा।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवा रचनाकारों को एक सशक्त मंच प्रदान करना, युवाओं और अनुभवी लेखकों के मध्य स्वस्थ, सुलभ संवाद स्थापित कर साहित्यिक विमर्श को बढ़ावा देना है।

कार्यक्रम की शुरुआत युवा रचनाकारों की प्रस्तुतियों से होगी।


सम्मन बनाम मुद्दायलाह बिनावर कायमी तनकीहात
(ऑर्डर रुल 1 व 5 दीवानी)
अज अदालत सहायक जिलाधीश, सिरोही।
मुदई - लक्ष्मण सिंह मुदायलाह- हरिसिंह व अन्य।
दावा बाबतः- विभाजन व प्राप्त करने स्थाई निषेधाज्ञा
राजस्व वाद संख्या- 741/2014
मुसम्मी -
1. उबराकुंवर पुत्री मोतीसिंहजी, 2. सरबाई पुत्री भोमसिंहजी 3.उफबाई पुत्री भोमसिंहजी 4. वीरसिंह पुत्र जामतसिंहजी 5.सोहनसिंह पुत्र जामतसिंहजी 6. मानसिंह पुत्र गेनसिंहजी 7. चन्द्रकुँवर पुत्री रावतसिंहजी 8.दरिया कुँवर पुत्री रावतसिंहजी 9. भँवरसिंह पुत्र रावतहसिंहजी 10. लक्ष्मणसिंह पुत्र रावतसिंहजी 11. रेखाकुंवर पुत्री जबरसिंहजी 12. दीयाकुंवर पत्नि जबरसिंहजी 13. करणसिंह पुत्र जबरसिंहजी 14. जालमसिंह पुत्र जबरसिंहजी सभी जाति राजपुत निवासी जावाल। हरगाह कि वादीगण ने आपके खिलाफ एक दावा जिसकी नकल संलग्न है। लिहाजा आपको ब जरिए इस तहरीर के दावे की जवाबदेही के लिए तारीख 21 माह 07 सन 2025 को दिन 10.00 बजे अदालत हाजा में असालतन मार्फत ऐसे वकील के जो हालात मुकदमा से वाकिफ किया गया हो व कुल अमर अहम मुताबिक जवाब दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई शख्स हो जो सवाल का जवाब दे सके, हाजीर होने के लिए तलब किया जाता है और आपको हिदायत दी जाती है कि जुमले दस्तावेज जिन पर आप अपनी जवाबदेही का ताईन में इस्तेमाल करना चाहता हो, उस दिन पेश करो। आगाह रहे कि अगर वकील मजकूर आप हाजिर न हुए तो दावा आपकी गैर हाजरी में सुना व फैसला किया जाएगा। बसिब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज तारीख 23 माह 06 सन 2025 को जारी किया गया।
मोहर
न्यायालय उपखण्ड अधिकारी/ सहायक कलेक्टर सिरोही


# स्वास्थ्य एवं स्वस्थ जीवन शैली पर विचार गोष्ठी हुई

**जालोर**, (कासं)। आरोग्य भारती, जोधपुर प्रांत (जिला जालोर) की ओर से 4 जुलाई को सेवा भारती कार्यालय में स्वास्थ्य एवं स्वस्थ जीवन शैली विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी भारतीय चिकित्सा पद्धति, आयुर्वेद और भारतीय जीवनशैली की वैज्ञानिकता को जनमानस तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ परंपरागत वैदिक रीति से भगवान धन्वंतरि के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। दीप प्रज्वलन महंत गंगा नाथ के शिष्य शेर नाथ भैंरुनाथ का अखाड़ा जालोर के सान्निध्य में संपन्न हुआ। उन्होंने भारतीय संस्कृति में स्वास्थ्य को धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष के लिए मूलभूत आधार बताते हुए कहा कि जब व्यक्ति, परिवार और समाज स्वस्थ होंगे, तभी राष्ट्र सशक्त बनेगा। कार्यक्रम में प्रांत कार्यवाह खेमाराम का आतिथ्य मिला।

कार्यक्रम के शुरू में जीतू भाई सोनी ने सेवा के लिए भाव गीत गाया। वैद्य रमेश वैष्णव सेवानिवृत अतिरिक्त निदेशक आयुर्वेद जोधपुर संभाग विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डॉ. गोविंद प्रसाद गुप्ता, अध्यक्षता आरोग्य भारती जोधपुर प्रांत एवं विभागाध्यक्ष पैथोलॉजी विभाग, डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्ण आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर व आरोग्य भारती ने की।

उन्होंने कहा कि आधुनिक जीवन शैली में व्यस्तता, तनाव और अव्यवस्थित दिनचर्या ने अनेक रोगों को जन्म दिया है, और ऐसे समय में आयुर्वेदिक पद्धति ही ऐसी संतुलित जीवनशैली की ओर हमें वापस ले जा सकती है, जो शरीर, मन और आत्मा तीनों को स्वस्थ बनाए रखे।

मुख्य वक्ता संजीवन कुमार, क्षेत्र संयोजक उत्तर-पश्चिम क्षेत्र, आरोग्य भारती ने आरोग्य भारती की स्थापना, उद्देश्य और राष्ट हित में इसके कार्यो पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि आरोग्य भारती एक स्वयंसेवी संगठन है, जो भारत के कोने-कोने में स्वस्थ व्यक्ति, स्वस्थ परिवार, स्वस्थ ग्राम और स्वस्थ राष्ट के ध्येय वाक्य के साथ सक्रिय है।

उन्होंने बताया कि आरोग्य भारती की दृष्टि केवल शरीर के रोगों के निवारण तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य समग्र आरोग्य है, अर्थात् शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, आत्मिक और पर्यावरणीय स्वास्थ्य को संतुलित करना। यह संगठन भारतीय परंपरा, योग, प्राचीन चिकित्सा ज्ञान, आहार-विहार, दिनचर्या, ऋतुचर्या और आध्यात्मिक अभ्यासों के माध्यम से स्वास्थ्य जागरूकता को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है। आरोग्य भारती विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच, योग सत्रों, प्राकृतिक चिकित्सा शिविरों, आरोग्य मित्र प्रशिक्षण, विद्यालयों में आरोग्य चेतना कार्यक्रमों एवं मातृ-शिशु स्वास्थ्य जागरूकता अभियानों से समाज को सशक्त कर रहा है।

संगोष्ठी में बड़ी संख्या में चिकित्सकों, समाजसेवियों, शिक्षकों, युवाओं और आरोग्य भारती के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने विचार साझा किए और इस बात पर बल दिया कि आधुनिक चिकित्सा के साथ भारतीय चिकित्सा पद्धति एवं योग को भी जीवन में सम्मिलित कर जनस्वास्थ्य को और सशक्त बनाया जा सकता है। डॉ हनुमान दत् बिश्नोई ,संरक्षक आरोग्य भारती जालोर ने कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। जिसमें आयोजकों ने सभी अतिथियों, वक्ताओं और सहभागियों का आभार व्यक्त किया। संयोजक एवं आरोग्य भारती जिला सचिव ललित राजपुरोहित ने बताया कि संगोष्ठी के बाद बैठक कर आरोग्य भारती की नवीन जिला कार्यकारिणी बनाई गई।

डॉ. विश्नोई को संरक्षक एवं वैद्य राम शर्मा को जिला अध्यक्ष ,डॉ. परमार को चिकित्सक संपर्क प्रमुख की जिम्मेदारी दी। वैद्य दिनेश जोशी, डॉ प्रकाश , वैद्य हरजी राम ,डॉ भवानी सिंह, डॉ हंसा राम ,अर्जुन , दिनेश बारोट,अर्जुनचौधरी, अजय सेन,गोपाल जोशी उपस्थित रहे।

### कई कार्यक्रम होंगे

**पाली**, (नि.सं.)। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरु पूर्णिमा महोत्सव गीता सत्संग भवन आश्रम, पाली राजस्थान में 10 जुलाई को धूमधाम से मनाया जाएगा । गीता सत्संग भवन के अध्यक्ष स्वामी प्रेमानंदजी महाराज ने कार्यक्रम से संबंधित जानकारी दी।


प्रारूप- 5
(नियम 6(2) देखिए)
प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगरपालिका सुमेरपुर जिला पाली (राज.)

क्रमांक :- 2888 दिनांक :- 02.07.2025

श्री/श्रीमती क्र.सं. 01 से 05 जाति अग्रांकित मे नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार आवासीय/व्यवसायिक उपयोग के प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग के लिए पूर्ण स्वामित्व अधिकार प्राप्त करने के लिए नगरपालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

| क्र. सं. | नगर का नाम | नाम आवेदक मय पिता/पति नाम | पता | भूमि/भवन की साईज | अडौस पडौस |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सुमेरपुर | श्रीमति भावना दुलानी पत्नि प्रवीण कुमार दुलानी | नगरपालिका रोड, सुमेरपुर | 99 sqft | उत्तर :- इसी पट्टे का भाग<br>दक्षिण :- मिश्रीमल फूलचंदजी का परिसर<br>पूर्व :- भूखण्ड का निकाल व आम रास्ता<br>पश्चिम :- भूखण्ड का निकाल व आम रास्ता |
| 2 | सुमेरपुर | श्री शांतिलाल पुत्र भीमारामजी घांची | मैन बाजार मेहता प्याउ के पास, वार्ड सं. 30, सुमेरपुर | 156 sqft | उत्तर :- सोमपुरा का मकान<br>दक्षिण :- मैन बाजार रास्ता व दरवाजा<br>पूर्व :- इसी पट्टे का हिस्सा कमला छगनलाल<br>पश्चिम :- ज्ञानचंद जैन की दुकान |
| 3 | सुमेरपुर | श्रीमति रमा सिंघल पत्नि आशीष सिंघल व श्रीमति नलिनि सिंघल पत्नि राहुल सिंघल | जवाईबांध रोड वार्ड 21, सुमेरपुर | 1464 sqft | उत्तर :- आम रास्ता व निकाल<br>दक्षिण :- जवाईबांध रोड 100 फीट व निकाल<br>पूर्व :- चेनसिंह पुरोहित की दुकान<br>पश्चिम :- पठान गफुर खां का मकान |
| 4 | सुमेरपुर | श्रीमति छैल कंवर पत्नि पदमसिंहजी राजपूत | ब्लॉक-1 महावीर नगर, जवाईबांध रोड, रामनगर, सुमेरपुर | 1500 sqft | उत्तर :- आम सडक व निकाल<br>दक्षिण :- रास्ता<br>पूर्व :- बसंती नरसाराम कुम्हार का प्लोट<br>पश्चिम :- रामसिंह इन्द्रसिंह का प्लोट |
| 5 | सुमेरपुर | श्री चंपालाल पुत्र गेनारामजी कुम्हार | अग्रवालों का वास, सुमेरपुर | 1344 sqft | उत्तर :- पुखराज सत्यनारायणजी का मकान<br>दक्षिण :- इसी पट्टे का हिस्सा गुलाबचंद माली<br>पूर्व :- कल्याणमलजी अग्रवाल का प्लोट<br>पश्चिम :- प्लोट का निकाल व रास्ता |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा 69-क के अधीन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राय करने के लिए नगरपालिका के पक्ष आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपयुक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।

राज.संवाद/सी/25/5534 अधिशाषी अधिकारी

